आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 01.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने माणा गांव के पास हिमस्खलन क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। राहत और बचाव कार्य जारी।
- केंद्र सरकार ने पासपोर्ट नियमों में संशोधन किया, 1 अक्टूबर, 2023 के बाद जन्मे आवेदकों के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही होगा जन्म तिथि का प्रमाण।
- प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में लंबे समय से खाली पड़े चतुर्थ श्रेणी के 1 हजार 300 पदों को जल्द भरा जाएगा।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की कवायद शुरू।

माणा रेस्क्यू

चमोली जिले के माणा गांव में राहत और बचाव कार्य जारी हैं। अब तक 47 श्रमिकों को रेस्क्यू कर लिया गया है और आठ अन्य की तलाश जारी है। इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने माणा के निकट हुए हिमस्खलन क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ज्योतिर्मठ में सेना के जवानों और अधिकारियों से मुलाकात की और बचाव और राहत अभियान की जानकारी ली। श्री धामी ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए, जिससे राहत व बचाव कार्य शीघ्र और प्रभावी रूप से संचालित हो सके। उन्होंने रेस्क्यू किए गए सीमा सड़क संगठन के श्रमिकों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रभावित श्रमिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रही है।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फ़ोन पर बात कर श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने प्रदेश में हो रही बारिश और हिमपात की स्थिति पर भी विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की ओर से किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हर संभव सहायता प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि कल सुबह हिमस्खलन के कारण कुल 55 श्रमिक बर्फ में दब गए थे, जिनकों निकालने के लिये कठिन परिस्थितियों के बीच राहत और बचाव अभियान जारी है।

## पासपोर्ट नियम संशोधन

केंद्र सरकार ने पासपोर्ट संबंधी नियमों में संशोधन किया है। नए नियमों के अनुसार 1 अक्टूबर 2023 या उसके बाद जन्म लेने वाले पासपोर्ट आवेदकों के लिए उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र ही जन्म तिथि का एकमात्र प्रमाण होगा। पासपोर्ट नियम–1980 में संशोधन को जारी करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। नए नियमों के अनुसार जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारी, नगर निगम या जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के अंतर्गत किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, 1 अक्टूबर 2023 को या उसके बाद पैदा हुए व्यक्तियों के लिए जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार किए जाएंगे।

## लोकार्पण

उच्च तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने उत्तरकाशी के प्रौद्योगिकी संस्थान, बौन में इमरजिंग टेक्नोलॉजी लैब और इंजीनियरिंग वर्कशॉप का लोकार्पण किया। इससे वहां पर तकनीकी शिक्षा के छात्रों को प्रयोगात्मक शिक्षा का ज्ञान मिल पाएगा। इस मौके पर अमर बलिदानियों की स्मृति को संजोने के लिए बनाई गई शौर्य दीवार का अनावरण भी किया गया। इस अवसर पर उच्च तकनीकी शिक्ष मंत्री ने कहा कि यह संस्थान सीमांत क्षेत्र में स्थित है। इसलिए इसमें सुविधाओं को बढ़ाकर प्रदेश में एक रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों के लिए जल्द छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने छात्रों से कहा कि प्रदेश ने तकनीकी क्षेत्र में काफी उन्नति की है और राज्य में अनेक महत्वपूर्ण तकनीकी संस्थान सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं।

## औचक निरीक्षण

हरिद्वार जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी के.के गुप्ता ने धनपुरा गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों स्कूलों में एक भी बच्चा नहीं मिला। साथ ही दोनों विद्यालय के प्रधानाध्यापक भी नहीं मिले। दूसरी ओर गांव रावली महदूद के राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर–02 का भी जब उन्होंने औचक निरीक्षण किया, तो उसमें 200 बच्चों की हाजिरी फर्जी पाई गई, जबकि यह बच्चे अनुपस्थित थे। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने तीनों मामलों में उप शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रकरण पाए जाना गंभीर मामला है। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को स्कूलों का निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए हैं।

## भर्ती प्रक्रिया

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में लंबे समय से खाली पड़े चतुर्थ श्रेणी के 1 हजार 300 पदों को जल्द भरा जाएगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने इन पदों को आउटसोर्स के माध्यम से भरने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अस्पतालों में सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की तत्काल भर्ती के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विभिन्न संवर्गों में रिक्त पदों की भर्ती पर भी जोर दिया। उन्होंने

कहा कि सफाई कर्मचारियों की कमी से अस्पतालों की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिसे दुरुस्त करने के लिए ये भर्तियां आवश्यक हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए डॉ. रावत ने जिला और उप–जिला अस्पतालों में सुविधाओं की समीक्षा करने, सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, मरीजों के बेड की चादरें प्रतिदिन बदलने और अस्पताल परिसरों में आवश्यक होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए।

रेखा आर्या

38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के लिए पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने की कवायद शुरू कर दी गई है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में आयोजित बैठक में इसमें तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को पदक विजेताओं के नियुक्ति का प्रस्ताव तैयार कर जल्द कैबिनेट में लाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा खेल मंत्री ने सरकार द्वारा पदक विजेताओं के लिए की गई नगद ईनाम राशि की घोषणा पर अमल करके खिलाड़ियों को यह राशि जल्द से जल्द दिलवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। श्रीमती आर्या ने कहा कि प्रदेश में अब जितनी खेल अवस्थापनाएं तैयार हुई हैं, उनकी देख–रेख व संचालन आदि के लिए भी नीति बनाने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों से इस संबंध में योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए, ताकि इस दिशा में तेजी से कदम उठाएं जाएं।

भू–कानून कार्रवाई

राज्य विधानसभा में नया भू–कानून पारित होने के बाद हरिद्वार जिला प्रशासन की ओर से भूमि संबंधी प्रकरणों की जांच में तेजी लाई जा रही है। बाहरी प्रदेशों के जिन लोगों ने जिले में नियमों के विरुद्ध जमीन खरीदी है या जमीन खरीद कर निर्धारित प्रयोजन के विरुद्ध उसका उपयोग किया है, ऐसी संपत्तियों को सरकार में निहित किया जा रहा है। हरिद्वार की तहसीलदार प्रियंका रानी का कहना है कि ऐसे प्रकरणों की जांच लगातार जारी है, जिसकी रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जा रही है।

मौसम विभाग

मौसम विभाग ने आज चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में हिमस्खलन की संभावना जताई है। हिमस्खलन की दृष्टि से चमोली जिले को सबसे अधिक संवेदनशील बताया गया है। विभाग ने प्रदेश के मैदानी इलाकों और पर्वतीय जिलों के निचले हिस्सों में बारिश ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की चेतावनी जारी की है। इस बीच, गुरुवार से हुई बारिश के चलते राज्यभर में कई सड़क मार्ग बंद है। उत्तरकाशी जिले में डबरानी के पास हिमस्खलन से गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बाधित है। वहीं चमोली और रुद्रप्रयाग में बारिश और बर्फबारी से जन–जीवन प्रभावित हुआ है। चमोली जिले के 40 से अधिक गांव बर्फ से ढके हैं। बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब, ज्योर्तिमठ, चोपता,

औली, मलारी में बर्फबारी से हाइवे पर वाहनों की आवाजाही बाधित है। रुद्रप्रयाग जिले में बारिश व बर्फबारी से केदारघाटी शीतलहर की चपेट में है।

<u>जन शिकायत केंद्र</u>

रुद्रप्रयाग नगर पालिका क्षेत्र की जनता की समस्या अब घर बैठे ही हल हो रही है। पालिका की ओर से स्थापित जन शिकायत केंद्र में बीते 5 दिनों में दर्ज 40 शिकायतों में से 35 का निराकरण हो गया है। जबकि, शेष शिकायतों पर कार्यवाही गतिमान है। पालिका की इस पहल से नगरवासी लोग बेहद खुश नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि गत 25 फरवरी को नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग द्वारा अपने कार्यालय में एक जन शिकायत केन्द्र की स्थापना की गई। लोगों को किसी भी समस्या के लिए पालिका के चक्कर न लगाने पड़े, इसके लिए एक मोबाइल नम्बर जारी किया गया। अधिक शिकायतें वार्डों में स्ट्रीट लाइटों के खराब होने के संबंध में आ रही हैं, जिसका समाधान तत्काल किया जा रहा है।